
वर्ष 1 - अंक 53
गुरुवार 23 जनवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

# जमीन की जालसाजी

## राजकुमार कुरील ने फिर से की जमीनी जालसाजी



आदित्य शर्मा, 8224951278
सहसंपादक रणजीत टाइम्स

## कुरील बंधु इतने बदनाम और बेखौफ भी



कॉलोनाइजर चंदूलाल कुरील एवं उनके पुत्र राजकुमार कुरील

### प्रशासन का भी नहीं है डर एवं प्रशासन द्वारा निकाला जा चुका है जुलुश एवं पासपोर्ट बनने में भी अड़चन, एवं निगम द्वारा भी कार्यवाही करने के आदेश




राजकुमार कुरील

चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक प्लांट को दो लोगों को बेचने का मामला सामने आया है जहां पीड़ित ने इस खुद के साथ हुई ठगी के मामले में अब न्याय मांगा है।

**इंदौर।** जानकारी के मुताबिक प्रार्थी फारुख खान पिता नूर मोहम्मद ने पुलिस उपायुक्त झोन क्रमांक 1 के कार्यालय पर पहुंचकर ज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने कहा कि 31 जुलाई 2017 को कॉलोनाइजर चंदूलाल कुरील एवं उनके पुत्र राजकुमार कुरील जो कि चंदन नगर क्षेत्र के ही रहने वाले हैं,जिनसे प्रार्थी ने करीब 1800 स्क्वायर फीट का प्लाट खरीदा था, कुछ समय बाद पता चला कि उक्त प्लाट को कुरील बाप बेटों ने अन्य लोगों को भी नोटरी पर बेच दिया है। पुलिस उपायुक्त कार्यालय पर आवेदन देने वाले प्रार्थी फारुख खान के मुताबिक जमीन के इस झोल को कई वर्ष बीत चुके हैं, किंतु उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है इस जमीन के कागज को लेकर आरोपियों के खिलाफ व कई जगह शिकायत कर चुके हैं वही पीड़ित की माने तो आरोपियों पर जमीनों की हेरा फेरी के मामले वह अन्य मामलों में कई शिकायतें भी पुलिस थाने में दर्ज हो चुकी है। वही पीड़ित फारुक का कहना है कि उनके साथ हुई इस जमीन की ठगी के मामले में अबतक हुई जांच से प्रार्थी संतुष्ट नहीं है, उन्होंने इस मामले में पुलिस उपयुक्त से न्याय मांगा है!

आपको बता दें कि इंदौर शहर में भूमाफिया का जाल लगातार फैल रहा है जिसमें कई लोग फंस रहे हैं। हालांकि कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर कई भूमाफियाओं के खिलाफ प्रकरण भी दर्ज हुए हैं और कार्रवाई भी हो रही है ऐसे में इस मामले में भी पीड़ित त्वरित जांच करने सहित आरोपियों पर की मांग की जा रही है। वही फारुक जमीन के जालसाज से पीड़ित है जो समय से दर दर भटकने को मजबूर कारवाही करने के आदेश जारी हो





प्रति,
श्रीमान पुलिस उपायुक्त महोदय झोन क्रमांक 01
रीगल चौराहा, इंदौर (म.प्र)

विषय :- कालोनाईजर द्वारा मुझ प्रार्थी के प्लाट को दो व्यक्तियों को बेचने बबाद तथा उक्त प्रकरण की जांच एसीपी राजेन्द्र नगर से न कराते हुए वरिष्ठ अधिकारीयों से कराने बाबद।


महोदय,
मैं प्रार्थी फारुख खान पिता नूर मोहम्मद निवासी – 153, गली नंबर 03, चंदन नगर, इंदौर का निवासी हूं।


1. यह कि मेरे द्वारा दिनांक 31/07/2017 को कालोनाईजर चंदूलाल कुरील एवं उनके पुत्र राजकुमार कुरील नि – 51–बी, चंदन नगर, इन्दौर








# जमीन की जालसाजी



लोक सूचना अधिकारी
सहायक पुलिस आयुक्त, अन्नपूर्णा
नगरीय पुलिस, जिला इन्दौर
















कार्यालय नगर पालिक निगम,इन्दौर




कार्यालय नगर पालिक निगम,इन्दौर


कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर (म.प्र.)



# सोशल मीडिया चलाने के दौरान भी पूरी रखें सावधानी

## नही तो साइबर क्रिमिनल्स आपके निजी डाटा के साथ कर सकते हैं छेड़खानी





### इंदौर पुलिस की साइबर पाठशाला में सुगनी देवी गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने जाने, डिजिटल लाइफ में सुरक्षा के उपाय

रणजीत टाइम्स (संवाददाता)

इंदौर। वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी अनुक्रम में अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर श्री राजेश दंडोतिया ने पुलिस टीम के साथ सुगनी देवी गर्ल्स कॉलेज, तीन पुलिया परदेशीपुरा इंदौर में पहुंचकर, सायबर अवेयरनेस के तहत अपनी 403 वी कार्यशाला में वहां उपस्थित करीब 300 छात्राओं व स्टाफ को विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों की जानकारी दी और साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्पलाइन-1930, पोर्टल cybercrime.gov.in, इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में, प्रैक्टिकली समझाया। उन्होंने सभी से कहा कि डिजिटल वर्ल्ड में साइबर अपराधी टीनएजर्स लड़कियों व महिलाओं को भी ज्यादा टार्गेट्स करते हैं। ये अपराधी सोशल मीडिया वाली लाइफ की हर गतिविधियों- फोटो/वीडियो, निजी जानकारियों सब पर नजर रखते है, और थोड़ी सी भी चूक होने पर साइबर स्टॉकिंग, बुलिंग करते है, महिलाओं की निजी जानकारी लेकर परेशान कर सकते है। अतः साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक और सतर्क रहकर पूरी सावधानी के साथ सोशल मीडिया चलाएं और ऑनलाइन पढ़ाई करें तथा अपने निजी फोटो/वीडियो साझा करने में सतर्कता बरतें और अपनी निजी जानकारी किसी भी अनजान से शेयर नहीं करें। इस दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं व स्टाफ को साइबर अवेयरनेस के पम्पलेट्स व स्टिकर्स भी दिए और सभी को साइबर जागरूकता लाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। इंदौर पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के इस अभियान के तहत, यदि कोई स्कूल/कॉलेज, संस्थान, इकाई, कॉलोनी आदि में भी साइबर अवेयरनेस की कार्यशाला आयोजित करना चाहता है या कोई जानकारी चाहता है तो वह इंदौर पुलिस के नंबर 7587629846 पर संपर्क कर सकता है।

---

## मानव द्वारा पर्यावरण के साथ खिलवाड़ः गंभीर संकट का संकेत

राजेश धाकड़

पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है, और इसका संरक्षण हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। लेकिन हाल के वर्षों में मानव गतिविधियों के कारण पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुँच रहा है, जो एक बड़ा संकट बनकर उभरा है। औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण में अत्यधिक वृद्धि हुई है। इससे न केवल प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग हो रहा है, बल्कि मानव जीवन के लिए भी खतरें उत्पन्न हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, वनस्पतियों और वृक्षों की अन्धाधुंध कटाई से जैव विविधता में भारी कमी आई है और मिट्टी का क्षरण हो रहा है, जिससे कृषि भूमि की उत्पादकता भी घट रही है।

रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी और जल स्रोतों का प्रदूषण हो रहा है, जिसके कारण पारिस्थितिकी तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण पृथ्वी पर तापमान में वृद्धि, वर्षा के पैटर्न में बदलाव और चरम मौसम की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जो जीवन के लिए खतरे का कारण बन रही हैं। इसके अतिरिक्त, जैव विविधता की हानि के कारण कई प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। पर्यावरण प्रदूषण का असर मानव स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है, जिससे श्वसन संबंधी समस्याएं, कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियां बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि स्थिति में सुधार लाने के लिए हमें वनस्पतिवृक्षों का संरक्षण करना और नए वृक्षों का रोपण करना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही, प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए उद्योगों और वाहनों से निकलने वाले प्रदूषकों पर सख्त नियम लागू करने होंगे। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के बजाय जैविक खेती को बढ़ावा देना भी महत्वपूर्ण कदम होगा। इस संकट से निपटने के लिए सभी को मिलकर जिम्मेदारी लेनी होगी, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ पर्यावरण छोड़ सकें।

## हम पिछोर विधानसभा को नंबर एक की विधानसभा बनाकर रहेंगे- विधायक प्रीतम सिंह

### क्षेत्र की जनता को परेशान ना होना पड़े इसलिए विधायक नें किये सभी विभागों के प्रतिनिधि नियुक्त

रणजीत टाइम्स (जगदीश पाल)



पिछोर (शिवपुरी) पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कि जब मैंनें विधानसभा चुनाव लड़ा था उस समय सभी नागरिकों से प्रतिज्ञा की थी कि हम पिछोर के सभी नागरिकों तथा कार्यकर्ताओं को विधायक के रूप में देखना चाहते हैं और विधायक बनाना चाहते हैं वहीं कार्य हमने शुरू कर दिया है हम हर विभाग में प्रतिनिधि बनाएंगे चाहे वह थाना हो, चाहे मंडी हो, चाहे वह नगर पालिका या कोई सा भी विभाग हो हमने सारे विभागों के प्रतिनिधि बना दिए गए तथा शेष कुछ रह गए हैं जो अभी और बनाने हैं ताकि हमारी पूरी पिछोर विधानसभा विधायक के रूप में देखी जाए हर कार्यकर्ता हर विधानसभा का नागरिक अपने आप को विधायक समझे तभी तो नंबर एक की विधानसभा बनेगी ! मैंनें उसी दिन ठान लिया था और विधायक की कुर्सी पर आज तक में नहीं बैठा हूं, मैं प्रतिदिन एक न एक नए व्यक्ति को उसे कुर्सी पर बिठाकर नया विधायक बनाता हूं और उससे निर्णय कराते हैं तथा उससे अनुभव के बारे में पूछते है,कि आपको इस दिन के विधायक की कुर्सी पर बैठकर निर्णय लेने में आपको कैसा अनुभव प्राप्त हुआ तो वह अपनें पूरे निर्णय के बारे में बताता है तथा विधायक कुर्सी पर बैठकर उसका अनुभव भी एहसास करता है ! और अपने आप में सम्मानित भी महसूस करता है तो इसलिए हर व्यक्ति को हमने विधायक के रूप में पिछोर विधानसभा के सारे लोगों को हम प्रतिनिधि बनाना चाहते हैं क्षेत्र के लोग मुझसे पूछते हैं की प्रीतम जी आप विधायक की कुर्सी पर क्यों नहीं बैठते हो उन्होंने कहा एक दिन बैठूंगा इससे पहले 30 वर्ष से एक ही विधायक थे एक ही कुर्सी पर बैठे थे हम पूरी पिछोर विधानसभा को विधायक के रूप में देखकर विधानसभा को नंबर एक बनाना चाहते हैं, और इसको बनाकर ही रहेंगे चाहे मुझे कुछ भी करना पड़े !

# विधि एवं सामाजिक न्याय अध्ययन शाला में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

**डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्व विद्यालय के विधि एवं सामाजिक न्याय अध्ययन शाला में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि माननीय श्रीमान- अपर सत्र न्यायाधीश श्री रविशंकर दोहरे जी एवं माननीय सिविल न्यायाधीश श्रीमान अभिलाष कैथल जी थे ।**

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ० बी.आर. अम्बेडकर जी के फ़ोटो पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। विधि एवं सामाजिक न्याय अध्ययन शाला की विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता मसानी द्वारा पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया।




मुख्य अतिथि माननीय श्रीमान रविशंकर दोहरे जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुये विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में विस्तार से बताया और कहा - विधि के क्षेत्र में सफलता के लिये समय के पाबंद और अनुशासन में रहकर अध्ययन करना चाहिये। श्रीमान् सिविल न्यायाधीश महोदय श्री अभिलाष कैथल जी के द्वारा विचार व्यक्त करते हुये विधि में सिविल जज, एडीपीओ कारपोरेट तथा वकालत के क्षेत्र में तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन किया।अंत मे कार्यक्रय विधि विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता मसानी जी ने आभार व्यक्त किया एवं विधिक साक्षरता शिविर के महत्व को विस्तार से बताया और मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये। कार्यक्रम का संचालन बी.ए.एल.एल.बी. पंचम सेमेस्टर की छात्रा भूमिका के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधि एवं अध्ययनशाला की समस्त फैकेल्टी डॉ.गीता परतेती, श्री संजय चौधरी, श्री आकाश कुमार, श्री जयेंद्र द्विवेदी, श्री सुनील राठौर ,श्रीमती स्मिता कोकर जी एवं विधि विभाग के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संविधान गौरव अभियान







अंतर्गत हाई लाइट हाई.सेकेंडरी स्कूल में छात्रों के बीच निबंध प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस अवसर पर श्रीमति आशा पंवार प्राचार्य, महामंत्री श्रीमति सविता अखंड जी,नगर मीडिया प्रभारी रितेश तिवारी,मंडल अध्यक्ष रवि तोमर,कविता रमन,उदय सिंह पंवार,देवेश जाजोरिया,संजय इंगले एवं करण चौहान उपस्थित रहे।

